न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) श्रीगंगानगर

पीठासीन अधिकारी :– यशपाल आहूजा आर.ए.एस.

A12

अनवान :– राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या 490 / 2017

सुभाष बेनीवाल पुत्र श्री सुलतान राम जाति जाट निवासी दौलतपुरा. तहसील व जिला श्रीगंगानगर। ––प्रार्थी

–:: बनाम ::–

राजस्थान सरकार, जरिये तहसीलदार, श्रीगंगानगर। ––अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956

–:: उपस्थित अभिभाषक ::–

– :: निर्णय ::– दिनांक :– 24.11.2017

प्रार्थी श्री सुभाष बेनीवाल पुत्र श्री सुलतान राम जाति जाट निवासी दौलतपुरा. तहसील व जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना में निवेदन किया गया है कि ग्राम 5 क्यू की मुताबिक जमांबन्दी 2069–2072 खाता संख्या 24 में प्रार्थी का नाम सुरेन्द्र सिंह 4.595 है0 पिसरान सुलतानराम जाति जाट बेनीवाल दर्ज है। प्रार्थी का सही नाम सुभाष बेनीवाल पुत्र सुलतानराम है। इस लिए प्रार्थी का सही नाम सुभाष बेनीवाल है, जो दुरूस्त किया जावे।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर तहसीलदार श्रीगंगानगर से रिपोर्ट प्राप्त की गई मुताबिक रिपोर्ट प्रार्थी के पिता की मृत्यु उपरान्त विरास्तन नाम दर्ज हुआ उसमें सुभाष की जगह सुरेन्द्र दर्ज है। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत शैक्षणिक प्रमाण–पत्र , आधारकार्ड, वोटरकार्ड , बैंक पास बुक अनुसार प्रार्थी का सही नाम सुभाष बेनीवाल है। इस त्रुटि को सही किया जाना उचित है। सहखातेदारों द्वारा भी सहमति के लिये शपथ पत्र साक्ष्य स्वरूप पेश किये गये।

पत्रावली का अवलोकन किया गया गया तहसीलदार (राजस्व) भू. अभिलेख शाखा श्रीगंगानगर के द्वारा की गई अनुशंषा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के अनुसरण में ग्राम 5 क्यू. तहसील व जिला श्रीगंगानगर की जमाबन्दी 2069–2072 के खाता संख्या 34 में दर्ज वर्तमान प्रविष्टि सुरेन्द्र सिंह 4.595 पि0 सुलतानराम में दुरूस्ती कर सुभाष बेनीवाल 4.595 पि0 सुलतानराम करने के आदेश दिये जाकर नियमानुसार राजस्व रिकार्ड में अमलदरामद के आदेश दिये जाते है।

निर्णय की प्रति तहसीलदार (राजस्व) श्रीगंगानगर को पालना हेतु भिजवाई जावे। पत्रावली निर्णय शुमार होकर नम्बर से कम की जाकर बाद तकमील दफ्तर दाखिल हो। निर्णय आज दिनांक **24.11.2017** को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(यशपाल आहुजा)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
श्रीगंगानगर

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
श्रीगंगानगर